Request to build a protection wall in the villages in Valsad District

श्री धवल लक्ष्मणभाई पटेल (वलसाड) **:** महोदया, मैं सबसे पहले आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया है ।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान अपने क्षेत्र के बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । वलसाड लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत वलसाड जिले के वलसाड पारदी, उमरगाम तालुका समुद्र तट पर स्थित है । हर साल बारिश के कारण, हाई टाइड के कारण, कई बार तूफान और साइक्लोन के कारण समुद्र तट पर बसे गांवों में बाढ़ का पानी भर जाता है और उसके कारण लोगों की जान, पशु और संपत्ति को बहुत नुकसान पहुंचता है । आज भी बाढ़ के कारण पूरे वलसाड में पानी भरा हुआ है । इसके कारण इन गांवों का अस्तित्व पूरी तरह से खतरे में है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार की सहायता से पूरा टेक्निकल अनालाइसिस करके गांवों में प्रोटेक्शन वाल बनायी जाए । वलसाड तालुका में बड़ीदाती, नांदाती, काकड़वाड़ी गांव, भागल गांव, बढ़ेली, कोसम्बा, सुरवाडा, मनोहर डूंगरी, पारडी तालुका में उमरसडी, उमरगाम शहर, दहेरी, नारगोल, सरोंदा, तड़गाम, कलगाम, मरोली, फणसा और कालई में प्रोटेक्शन वाल बनाई जाए । धन्यवाद ।